हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून, 2025

11 मन को सुख, शांति व आनंद से भरपूर कर तनाव मुक्त...



12 ग्रामीणों ने उठाया 22 गांवों के पानी का मुद्दा



GOPAL OPTICALS AND EYE CARE CENTRE
Gopal OPTICALS
See Better Vision With Us
Eye Care Centre
सुविधाएं / Facilities
सफेद मोतिया बिन्द का फेको विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण बिना चीरा टांका दर्द (Cataract)
काला मोतिया की जांच व ऑपरेशन (Glaucoma Clinic)
पर्दे की जांच व ऑपरेशन (Retina Clinic)
फ्री आँखों की जांच।
लेसिक लेजर द्वारा चश्मे हटाऐ (Lasik Laser)
माशपेशियों की जांच व Vision Theraphy
आंखो की ऑपरेशन के बाद आई झिल्ली हटाएं (Yag Laser)
पुतली की जांच व ईलाज (Cornea Clinic)
करो योग रहो निरोग
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
Shop No. 10, Opposite Crown Plaza, Bhiwani, Haryana-127021
9896776999

GK SINCE 1938
Prop. Gagan Kokcha
9053222234
GAGAN KOKCHA® DESIGNER
21 जून 2025
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Raymond Solino Arvind J. HAMPSTEAD GRADO ROGER LA VIALE
Branch-1: Shop No. 8-9, Near Kirori Mal Mandir, Baba Meena Ram Market Bhiwani
Branch-2 : Spiti Mall (Sun City) Near Huda Park, Bhiwani

## खबर संक्षेप

### बहल खंड के जांगड़ा समाज की बैठक कल

**बहल।** बहल खंड के जांगड़ा समाज की बैठक आगामी 22 जून को बहल कस्बे के अनिल मोरका के निवास पर आयोजित होगी। बैठक में समाज सुधार के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा खंड बहल के प्रधान अनिल मोरका ने बताया कि रविवार को सुबह दस बजे बैठक में बहल खंड की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उपस्थित लोगों द्वारा समाज सुधार के लिए विचार विमर्श किया जाएगा।

### गोस्वामी लालदास मंदिर में श्रीश्याम अर्जी कीर्तन कल

**भिवानी।** गोस्वामी लालदास मैमोरियल ट्रस्ट भिवानी द्वारा कृपा सांवरे की परिवार के सहयोग से 22 जून को श्याम अर्जी संकीर्तन का आयोजन जैन चौक स्थित गोस्वामी लालदास मंदिर में किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव गणपत राय जसूजा ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं । इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुगण भाग लेंगे तथा जिसमें श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्याम अर्जी संकीर्तन का आयोजन रात्रि 8 बजे से किया जाएगा, गणपत राय जसूजा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, समर्पण और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट और कृपा सांवरे की परिवार द्वारा समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहता है।


# दिनभर बसों के लिए रही मारामारी लोकल रूटों पर रही ज्यादा परेशानी

## भिवानी की 60 बसें योग के लिए पहुंची कुरुक्षेत्र, जींद-हिसार के लिए कम चली बसें

■ लोकल रूटों पर निजी बसों ने ही लोगों को गंत्तव्य तक पहुंचाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। बसों के इंतजार में बस अड्डे पर बैठी सवारी और बस न मिलने से बस स्टैंड पर बैठे यात्री। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को विश्व योग दिवस के कार्यक्रम का नजला यात्रियों पर गिरा। भिवानी डिपो से कुरुक्षेत्र के लिए 60 बसें रवाना की गई। जिस वजह से भिवानी डिपो में 18 रूटों के लिए केवल 30 बसें ही बची है। रोडवेज विभाग ने लंबी दूरी तक जाने वाले यात्रियों के लिए ही रोडवेज बस की सुविधा दी। जिनमें दिल्ली, चंडीगढ व गुरुग्राम शामिल है। बाकी रूटों पर रोडवेज बसें न के बराबर चली।

लोकल रूटों पर निजी बसों ने ही लोगों को गंत्तव्य तक पहुंचाया,लेकिन दिनभर लोगों को बसों के लिए मारामारी रही। दूसरी तरफ बसों के अभाव में शाम के वक्त भिवानी से गुरुग्राम को छह बजे जाने वाली तथा पांच बजे चंडीगढ जाने वाली बस को रद्द कर दिया। फिलहाल माना जा रहा है कि बसों की व्यवस्था पटरी पर रविवार को ही आएगी। क्योंकि 21 जून को विश्व योग दिवस कार्यक्रम है। 21 जून देर रात तक भिवानी डिपो में बसे पहुंच पाएगी। उसके अगले दिन ही रोडवेज की व्यवस्था पटरी पर आएगी।

### 18 मुख्य रूटों पर बसें चली

यहां यह बताते चले कि 21 जून को कुरुक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय विश्व योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए प्रदेश के सभी जिलों से कार्यक्रम के एक दिन पहले रोडवेज बसों को मंगवाया गया है। जिस वजह से भिवानी से 60 बसों को कुरुक्षेत्र रैली के लिए भेजा गया है। भिवानी डिपो से मुख्य तया 18 मुख्य रूटों पर बसें चलती है। जिनके लिए अब केवल 30 बसे ही बची है। बताते है कि रोडवेज विभाग ने इन तीस बसों को केवल दिल्ली, गुरुग्राम, व चंडीगढ़ के रूटों पर चलाया है। कुछेक बसें लोहारू होकर राजस्थान व दादरी से महेंद्रगढ तक जरूर भेजा है। इनके अलावा किसी अन्य रूट पर रोडवेज की बस नहीं पहुंची। भिवानी से हिसार, जींद, लोहारू व अन्य जगहों के लिए रोडवेज की बसें नहीं चली। उनकी जगह कम दूरी के लिए निजी बसें चलाई गई। निजी बसों की संख्या भी कम होने की वजह से यात्रियों को पर्याप्त सुविधा नहीं दे पाई। जिसके चलते निजी बसों में क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाकर गंत्तव्य तक पहुंचाया गया। खास बात यह रही कि भिवानी से हिसार रोजाना करीब तीन से चार दर्जन रोडवेज बसें चलती है। इसी तरह भिवानी से जींद के लिए भी इतनी ही बसें चलाई जा रही है,लेकिन आज इन रूटों पर एक भी रोडवेज बस नहीं चली। केवल निजी वाहन या निजी बसों ने ही लोगों को गंत्तव्य तक पहुंचाया। यही स्थिति लोहारू के अलावा अन्य रूटों पर भी बनी रही। इसी तरह बहल के लिए तीन घंटे में एक रोडवेज बस को निकाला गया। पूरे दिन में झोझू के लिए केवल एक ही बस शाम चार बजे रवाना की गई।

### भिवानी के बेड़े में 135 बसें

भिवानी के बेड़े 135 बसें है। जिनमें 11 बसें एलबी(लीज पर), आज 12 बसें खराब हुई है, जो सड़कों पर चलने के लायक नहीं है। 13 मिनी बसें, 9 एसी बसें शामिल है। इस हिसाब से भिवानी डिपो के पास केवल 90 बसें ऐसी है। जो विभिन्न मार्गो पर चलाई जा सकती है। इनमें से 60 बसों को कुरुक्षेत्र योग कार्यक्रम के लिए भेज दिया। आज शाम को उक्त बसें कुरुक्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाएगी और कल सुबह वहां से लोगों को योग के लिए लेकर आएगी। उसके बाद फिर उनको उन्हीं गांवों में छोड़कर आएगी। शनिवार देर रात तक ये सभी बसें भिवानी डिपों तक पहुंच पाएगी।

# कल जिला कार्यकारिणी की मीटिंग कर बजाएंगे हड़ताल का बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ जिला कार्यकारिणी की मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान सूरजभान जटासरा करेंगे

राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी ने कार्यकारिणी की 22 जून को महम रोड़ स्थित बड़ चौक पर संघ कार्यालय में बड़ी मीटिंग करने का निर्णय लिया है। जिला कार्यकारिणी की मीटिंग में सभी ब्लॉक कमेटी, विभागी संगठनों की जिला कमेटी, राज्य कमेटी के पदाधिकारी व जिला कमेटी के सभी सदस्य भाग लेंगे। जिला कार्यकारिणी की मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान सूरजभान जटासरा करेंगे। मुख्य वक्ता के तौर पर सकसं उपाध्यक्ष नरेंद्र दिनोद व सचिव सतबीर स्वामी शिरकत करेंगे।

जिला सचिव सुमेर आर्य ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संघों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का निर्णय लिया गया है। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में जिला भर से बड़ी संख्या में कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर जिला कमेटी ने 10 हजार पर्चे भी छपवाए लिए है। हड़ताल की तैयारियों को लेकर रीच-टू-ईच प्रत्येक दफ्तर मे जाकर कर्मचारियों से संपर्क किया जा रहा है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारियों में बड़ा उत्साह है। व्यापक तैयारियों को लेकर जिला कार्यकारिणी की मीटिंग में जत्थे बनाकर प्रत्येक ब्लॉक, स्कूल, अस्पताल व अन्य दफ्तरों में जाकर कर्मचारियों को हड़ताल में भाग लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार पिछले 11 वर्षो से जनता की सेवा करने वाले कर्मियों का शोषण कर रही है। सरकारी महकमों में आऊटसोर्सिंग, ठेका प्रथा, निजीकरण को बढ़ावा देकर अपने चहेते पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

# केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा आज भिवानी में

**भिवानी।** 13 जुलाई को स्थानीय मेला ग्राऊंड में आयोजित होने जा रहे श्री दक्ष प्रजापति जयंती पर प्रदेश स्तरीय समारोह को भव्य और अनुशासित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से तैयारियों को लेने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा 22 जून को भिवानी पहुंचेंगे। पूर्व चेयरमैन मामचंद प्रजापति व भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन (बीपीएचओ) के सह संस्थापक रमेश टांक ने बताया कि केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा 22 जून को स्थानीय मिनी बाईपास रोड़ स्थित विदाई पैलेस में पहुंचेंगे तथा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही प्रजापति समाज के लोगों की ड्यूटी भी सुनिश्चित करेंगे, ताकि इस समारोह को भव्य व ऐतिहासिक बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह में प्रदेशभर से प्रजापति समाज के हजारों लोगों पहुंचेंगे, तथा समारोह के माध्यम से समाज की एकजुटता और सामाजिक उत्थान का संदेश भी देंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री गंगवा के आगमन से समारोह की तैयारियों को और अधिक दिशा व गति मिलेगी।



भिवानी। पुलिस हिरासत में आरोपी पवन। फोटो : हरिभूमि

# अवैध रिवाल्वर व 14 कारतूस सहित युवक किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ पवन उर्फ बौंदिया कई मामलों में चल रहा था फरार

दादरी सीआईए स्टाफ ने युवक को अवैध रिवाल्वर और 14 कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बौंद कलां गांव निवासी पवन के रूप में हुई है। पवन धमकी और फायरिंग सहित अन्य कई मामलों में आरपी है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस की सूचना मिली कि विभिन्न मामलों में फरार चल रहा आरोपी पवन बौंद अवैध रिवाल्वर लेकर दिल्ली की तरफ से दादरी आ रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने गांव समसपुर के समीप नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो गाड़ी से पवन को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास एक रिवाल्वर और आठ कारतूस बरामद किए गए हैं। एएसआई दिलबाग सिंह ने बताया कि पवन उर्फ बौंदिया निवासी बौंद कला अनेक मुकदमों में फरार चल रहा था। जिसको गिरफ्तार कर लिया गया है। पवन पर पहले भी उसके खिलाफ काफी संगीन मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी के पास एक रिवाल्वर मिला है, जिसमें छह कारतूस लोड थे और जेब से आठ कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बरामद की गई रिवाल्वर, 14 कारतूस और गाड़ी स्कॉर्पियो को कब्जे में लिया और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# दुकान में घुसकर महिला से मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ अन्य दुकानदारों के इकट्ठा होने पर फरार हो गए युवक

गांव जमालपुर में गत शाम एक कॉस्मेटिक की दुकान में घुसकर सात -आठ युवकों द्वारा महिला दुकानदार के साथ गाली गलौज करके मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला दुकानदार की शिकायत पर युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस में दी गई लिखित शिकायत में जमालपुर निवासी नरेंद्र की पत्नी मंजू ने बताया कि उसने जमालपुर के बाजार में अपने परिवार के गुजारे के लिए कॉस्मेटिक की दुकान कर रखी है। उसने बताया कि गत शाम 7-8 युवक उसकी दुकान में आए आते ही उसके साथ गाली गलौज करने लगे तथा वे अपने आप को सीआईए स्टाफ पुलिस की कहने लगे। जब उसने उन युवकों से अपने आई कार्ड दिखाने के लिए कहा तब उन्होंने उसके ऊपर हमला बोल दिया तथा उसके साथ मारपीट की। उसकी आवाज सुनकर बाजार के अन्य दुकानदार इकट्ठे हो गए। दुकानदारों को इकट्ठा देख वे युवक वहां से भाग खड़े हुए। मंजू ने बताया कि उन युवकों में से एक युवक निकटवर्ती गांव भुरटाना का रहने वाला है। पुलिस ने महिला दुकानदार मंजू की शिकायत पर उन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जतिन ने पाया नीट में बेहतरीन रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



■ होनहार बेटे ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया

बवानी खेड़ा निवासी जतिन ने नीट 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता प्राप्त की है। एक साधारण परिवार से संबंध रखने वाले जतिन के पिता मुकेश कुमार किसान हैं व माता कविता गृहिणी हैं। जतिन ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा से की है व नीट परीक्षा को उत्तीर्ण करना किसी सपने के पूरा होने के बराबर है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकों को दिया। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निदेशक विकास यादव व प्रधानाचार्य ताराचंद यादव ने भी इस सफलता पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की व बताया कि उनका यह होनहार छात्र शुरुआत से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है। उसका एकमात्र लक्ष्य डॉक्टर बनने का रहा है जो कि अब पूरा होने जा रहा है। विद्यालय के उक्त छात्रा द्वारा प्राप्त की गई यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत का काम करेगी।

## लोगों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली

# 30 घंटे बाद दीवार हटाकर खोला तोशाम-हिसार मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



■ दो दिन पहले रास्ता बंद करने की वजह से वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से निकलकर जाना पड़ रहा था

बुधवार को न्यायालय के आदेशों पर लोकनिर्माण विभाग के तोशाम-हिसार मार्ग पर लिए गए कब्जे को कब्जा लेने वाले वाले राजेंद्र जैन ने आमजन की समस्या को देखते हुए करीबन 30 घंटे बाद मार्ग को खोल दिया है।

रास्ता खोले जाने के बाद लोगों व वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। चूंकि उक्त मार्ग से रोजाना हजारों वाहन चालक गुजरते है। दो दिन पहले रास्ता बंद करने की वजह से वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से निकलकर जाना पड़ रहा था। जिससे उनको भारी परेशानी उठानी पड़ी। आज रास्ता खुला तो उनको राहत मिली। क्योंकि वे इसी रास्ते से निकलते रहे है। उल्लेखनीय है कि क़रीबन 4 वर्ष पहले राजेंद्र जैन द्वारा तोशाम न्यायालय में एक अपील दायर की गई थी कि उसकी तीन खती 1437-38-42 की क़रीबन 105 जगह पर लोकनिर्माण का कब्जा है। जिसको लेकर क़रीबन डेढ़ वर्ष पहले न्यायालय ने राजेन्द्र जैन के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद लोकनिर्माण विभाग ने उच्च न्यायालय में अपील की। जिसके बाद राजेन्द्र जैन ने दोबारा कब्जा दिलवाने के लिए अपील दायर की। अपील का फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने क़रीबन एक माह पहले कब्जा दिलवाने वारंट जारी किए। जिसके चलते 18 जून को कब्जा कार्रवाई कर कब्जा दिलवाया गया। इसको लेकर तोशाम-हिसार मार्ग अवरुद्ध हो गया। जिसके चलते वाहनों को हांसी मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय के आगे होते हुए निकलना पड़ रहा था। आमजन की समस्या को देखते हुए राजेन्द्र जैन ने क़रीबन 30 घन्टे बाद मार्ग से कब्जा हटा लिया।

**आम लोगों को हो रही थी परेशानी:** इस बारे में राजेंद्र जैन ने बताया कि कब्जा लेने के बाद तोशाम-हिसार का मुख्य रास्ता बंद हो गया था। जिसके कारण आमजन को बहुत दिक्कत हो रही थी। आमजन की दिक्कत को देखते हुए रास्ते से कब्जा हटा लिया।

# सीसीसी कोर्स करने के मिलते हैं अनेक फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नज़र आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास सभी क्षेत्रों में इसकी जरूरत

# एमबीए के बाद मिलते हैं कई अच्छी सैलरी वाली नौकरियों के अवसर, बनेगा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## नौकरियों की यहां कोई कमी नहीं

अगर आप नौकरी की सुरक्षा, करियर में उन्नति, बेहतर अवसर और कई अतिरिक्त भत्तों की तलाश में हैं तो एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास और आवास विभाग आदि कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। आरबीआई, एसबीआई, एनएमडीसी और अन्य जैसे शीर्ष संगठन भी विभिन्न पदों के लिए एमबीए करने वाले अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करते हैं। कई छात्र एमबीए के बाद सरकारी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनके लिए कौन सी नौकरियां उपलब्ध हैं। इस ब्लॉग में, हम आपको उन सबसे लोकप्रिय सरकारी नौकरियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप एमबीए की डिग्री पूरी करने के बाद हासिल कर सकते हैं।



### सरकारी नौकरियों के लिए अवसर

**प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसर** : एमबीए के बाद केंद्र और राज्य सरकार दोनों के द्वारा कई प्रवेश स्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी वर्क एक्सपीरियंस की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन प्रवेश स्तर के पदों के लिए वेतन भी उच्च नहीं होता। अतः उम्मीदवार के लिए वेतन देखने के बजाय पहले नौकरी करना बेहतर है। एक बार जब वे कुछ अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



**भत्ते और लाभ** : सरकारी क्षेत्र के उम्मीदवारों को चिकित्सा और मातृत्व सेवाओं जैसे कई लाभ मिलते हैं। सरकारी क्षेत्र इस मामले में निजी क्षेत्र से कहीं बेहतर है।

**करियर विकास** : निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र में करियर की ग्रोथ अच्छी है। निजी क्षेत्र में काम करने वाला कर्मचारी 15 साल के भीतर सुप्रीटेंडेंट या सीनियर क्लर्क बन सकता है जबकि सरकारी संगठन का कर्मचारी आगे प्रमोशन के द्वारा अन्य ऊंचे पदों पर जा सकता है।

**योग्यता पुरस्कृत** : सरकार उन उम्मीदवारों की तलाश में है, जिनके कौशल, जॉब प्रोफाइल और प्रोजेक्ट्स से मेल खाते हैं। कुछ सरकारी एजेंसियां भी हैं जो अब अपने प्रोजेक्ट्स के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। ऐसे में आप अपनी योग्यता के अनुसार अच्छे अवसरों की तलाश कर सकते हैं।

### एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर

एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर का मुख्य कार्य कार्यक्रम को लागू करना, किसी विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच करना और कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का मैनेजमेंट करना है। इस प्रोफाइल के लिए डिग्री में योग्यता के आधार पर किया जाता है। कुछ संगठन हैं जो चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर्स यूपीएससी, एसएससी परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के अंकों के आधार पर नियुक्त किए जाते हैं। इनका वार्षिक वेतन 8 से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

### मार्केटिंग ऑफिसर

मार्केटिंग ऑफिसर सभी बैंक या संबंधित आर्गेनाइजेशन उत्पादों के लिए स्ट्रेटजी बनाते हैं। एक मार्केटिंग ऑफिसर के कुछ प्रमुख कार्य प्रोडक्ट का प्रचार करना, सोशल मीडिया का मैनेजमेंट करना, एक विज्ञापन एजेंसी के साथ कोऑर्डिनेट करना और मार्केटिंग कैंपेन का मैनेजमेंट करना है। जिन उम्मीदवारों ने एमबीए मार्केटिंग, पीजीडीबीएम, या पीजीडीबीए में एमबीए पूरा कर लिया है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटिंग ऑफिसर का वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

### बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए एक स्पेजलाइजेशन फिल्ड है जो छात्रों को विभिन्न एनालिटिकल टूल्स (सांख्यिकीय और मात्रात्मक विश्लेषण, व्याख्यात्मक और प्रीडिक्टिव मॉडलिंग, डेटा विजुअलाइजेशन, आदि) का उपयोग करने के तरीके सीखाता है ताकि कई स्रोतों से डेटा एकत्र किया जा सके। ताकि कस्टमर बिहेवियर, मार्केट ट्रेंड और बिजनेस इंटेलिजेंस से संबंधित अन्य मामले में इसका उपयोग कर विश्लेषण किया जा सके। व्यापार में एनालिटिक्स के बढ़ते महत्व के कारण भारत में बिजनेस एनालिटिक्स पेशेवरों का औसत वेतन 11 लाख प्रति वर्ष जबकि फ्रेशर्स लगभग 5 - 8 लाख प्रति वर्ष, अनुभवी पेशेवर 10 - 18 लाख प्रति वर्ष और शीर्ष स्तर के लोग 30 - 55 लाख सालाना तक वेतन पा सकते हैं।

## एमबीए के बाद टॉप सरकारी नौकरियां



**कई एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं जहां आप आवेदन कर सकते हैं नीचे एमबीए के बाद कुछ प्रमुख सरकारी नौकरियां दी गई हैं।**

**सीईओ** : एक सीईओ, किसी आर्गेनाइजेशन की रीढ़ की हड्डी समान होता है। सीईओ संबंधित आर्गेनाइजेशन प्रोडक्ट्स, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरहोल्डर्स और कम्पनी के गोल्स के बारे में निर्णय लेता हैं। एक सीईओ बनने के लिए, आपके पास अकाउंटिंग, मैनेजमेंट या अकाउंटेंसी में डिग्री या प्रोफेशनल क्रेडेंशियल होना चाहिए। सीईओ बनने के लिए सालों के एक्सपीरियंस और हार्ड वर्क की आवश्यकता होती है। भारत में एक सीईओ का वेतन 30 से 34 लाख रुपए सालाना है।


**पर्सनल ऑफिसर** : बैंकों को अपनी ह्यूमन रिसोर्स एक्टिविटीज़ को संभालने के लिए एक पर्सनल ऑफिसर की आवश्यकता होती है। बैंकों में इन ऑफिसर्स के कुछ प्रमुख कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, भत्तों को डिजाइन करना, कर्मचारियों की पोस्टिंग या स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ वितरण, प्रचार अभ्यास आयोजित करना और कर्मचारियों के प्रदर्शन की निगरानी करना है। उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर बैंक में कार्मिक अधिकारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई की अपनी प्रवेश परीक्षा है जबकि बाकी बैंक उम्मीदवारों को उनके आईबीपीएस आरआरबी के आधार पर नियुक्त करते हैं। इनका अनुमानित वार्षिक वेतन 5 लाख से 15 लाख रुपए के बीच होता है।

**बैंक असिस्टेंट ऑफिसर** : बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के कुछ प्रमुख काम किसानों को ऋण सुविधाओं के बारे में सूचित करना, क्रेडिट प्रोफाइल की जांच और लोन रिपेमेंट नीतियों के कार्यान्वयन और प्रचार, और वार्षिक बैलेंस शीट बनाना आदि हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में असिस्टेंट मैनेजर्स की भर्ती के लिए आईबीपीएस आरआरबी ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा आयोजित करता है। बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में आप सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा सकते हैं। यह एक प्रमुख एमबीए के बाद सरकारी नौकरी है।

**जनरल मैनेजर** : जनरल मैनेजर आर्गेनाइजेशन या कम्पनी के कॉस्ट एलिमेंट्स और रिवेन्यू का ध्यान रखता है। आईबीपीएस, नाबार्ड , आईडीबीआई कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं हैं। जिसके आधार पर सरकारी संगठनों में जनरल मैनेजर नियुक्त किए जाते हैं। इन परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए आपके पास एमबीए की डिग्री होनी आवश्यक है। एक जनरल मैनेजर का वार्षिक वेतन 10 से 15 लाख रुपए के बीच है।

**मैनेजर ट्रेनी** : उम्मीदवार मैनेजर ट्रेनी पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एक मैनेजर ट्रेनी वह व्यक्ति होता है जिसे सुपरवाइजरी या मैनेजेरियलपदों पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहिए। कुछ सरकारी संगठन जो इस पद के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, वे हैं फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मिश्र धातु निगम लिमिटेड, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। एक मैनेजर ट्रेनी का वेतन 15 से 30 हज़ार प्रति माह हो सकता है।

# नकारात्मकता के माहौल में सकारात्मक रहकर अपने जीवन को दें नई दिशा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का दौर सूचनाओं का युग है। हर दिन हमें समाचारों के माध्यम से शिक्षा, अपराध, पेशेवर जीवन, और युद्ध जैसी नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती हैं। ये खबरें न केवल हमारे मन को उदास करती हैं, बल्कि कभी-कभी हमारे सपनों और उत्साह को भी कमजोर कर सकती हैं। लेकिन प्रिय छात्रों, यह समय हार मानने का नहीं, बल्कि सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का है। आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आइए, जानें कि नकारात्मकता के इस माहौल में सकारात्मक कैसे रहा जाए और अपने जीवन को एक नई दिशा दी जाए। समाचार हमें दुनिया की हकीकत से रूबरू कराते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरी दुनिया केवल नकारात्मकता से भरी है। हर नकारात्मक खबर के पीछे सकारात्मक बदलाव की संभावना छिपी होती है।

## शिक्षा में चुनौतियों को अवसर के रूप में देखें

उदाहरण के लिए, अगर आप शिक्षा में चुनौतियों की खबर सुनते हैं, तो इसे एक अवसर के रूप में देखें। आप एक ऐसी पढ़ाई या नवाचार ला सकते हैं जो शिक्षा को बेहतर बनाए। अपराध की खबरें आपको समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। सकारात्मक नजरिया अपनाएं और हर समस्या को एक चुनौती के रूप में देखें, जिसका समाधान आप बन सकते हैं।

**अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। नकारात्मक समाचार आपके ध्यान को भटका सकते हैं, लेकिन यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कलाकार बनना चाहते हों, अपने सपनों को जीवित रखें। हर दिन अपने लक्ष्य की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। जब आप अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहते हैं, तो नकारात्मकता आपके मन को कम प्रभावित करती है। अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए, अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें।

**सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताएं** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों को बहुत प्रभावित करते हैं। ऐसे दोस्तों और शिक्षकों का साथ चुनें जो आपको प्रेरित करें और सकारात्मकता फैलाएं। अपने परिवार के साथ समय बिताएं और उनकी कहानियों से सीखें। आपके माता-पिता ने भी अपने समय में कई चुनौतियां देखीं। उनकी मेहनत और धम्य से आज आप यहां हैं। उनके अनुभव आपको नई प्रेरणा दे सकते हैं। साथ ही, प्रेरक किताबें पढ़ें और उन लोगों की कहानियां सुनें जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की। सकारात्मकता संक्रामक होती है, और यह आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर देगी।

**छोटे-छोटे कार्यों से बदलाव की शुरुआत करें** : राष्ट्र का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में है। आपको लगता है कि युद्ध, अपराध, या सामाजिक समस्याएं बहुत बड़ी हैं, तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें। अपने स्कूल में एक स्वच्छता अभियान चलाएं, अपने दोस्तों को शिक्षा का महत्व समझाएं, या अपने समुदाय में किसी जरूरतमंद की मदद करें। ये छोटे प्रयास न केवल आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके माता-पिता और समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे।

### शारीरिक सेहत का ख्याल रखें

नकारात्मक खबरें आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। रोजाना ध्यान, योग, या व्यायाम करें। सुबह कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं। अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त नींद लें। जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो आपका मन भी सकारात्मक रहता है। साथ ही, अपने विचारों को कागज पर लिखें। यह आपके मन के बोझ को कम करता है और आपको नई दिशा देता है।

**माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनें** : आपके माता-पिता ने आपके लिए कई सपने देखे हैं। उनकी मेहनत और बलिदान को कभी न भूलें। जब आप सकारात्मक रहते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करते हैं, तो आप न केवल उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक योगदान देते हैं। भारत जैसे देश में, जहां युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है, आप एक सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी मेहनत और सकारात्मकता न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे देश को प्रेरित कर सकती है।

**आभार व्यक्त करें** : नकारात्मकता के बीच, हम अक्सर उन चीजों को भूल जाते हैं जो हमारे पास हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर उन चीजों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में हैं—आपका परिवार, आपके शिक्षक, आपके दोस्त, और आपका देश। आभार का भाव आपके मन को शांति देता है और आपको सकारात्मक बनाए रखता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक ।
(बी) राजराजा ।
(सी) राजेन्द्र ।
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज ।
(बी) राजेन्द्र ।
(सी) कुलोत्तुंग चोल ।

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



### सांत्वना देने पहुँची सांसद की धर्मपत्नी मंजू देवी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के गांव अलखपुरा में बीते दिनों 86 वर्षीय चन्द्रो देवी के देहान्त के उपरांत परिवार को सांत्वना देने पहुंची भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मवीर सिंह की धर्मपत्नी मंजू देवी ने शोक व्यक्त किया और परिवार से मुलाकात की। इस अवसर पर मंजू देवी ने बताया कि 86 वर्षीय चन्द्रो देवी ने अपने जीवनकाल में सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पौधरोपण जैसे सामाजिक जैसे सरहानीय कार्य किये। चन्द्रो देवी अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर जो कि गांव में एक मिसाल के रूप में पेश किया उसने कभी अपने परिवार में लड़ाई झगड़ा नहीं होने दिया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अंतिम रिहर्सल संपन्न

**लोहारू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चौधरी देवीलाल खेल परिसर में विश्व योग दिवस की अंतिम रिहर्सल की गई। एसडीएम मनोज दलाल सहित अन्य अधिकारीयों ने योग दिवस की पायलट रिहर्सल में भाग लेकर योगाभ्यास किया और 21 जून को आयोजित किए जाने वाले उपमंडल के मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने उपस्थित योग साधकों को बताया कि हमें प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बन सकें।आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग, शिक्षा तथा अन्य विभागों के संयुक्त तत्वावधान में मनाये जाने वाले इस योग दिवस के कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

### सीईटी परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, शिक्षा विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्रुप-सी की कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा को निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढ़ंग से सम्पन्न करवाने के लिए भिवानी में बनाए जाने वाले सभी परीक्षा केंद्रों में सुविधाओं की जांच करें। सभी परीक्षा केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं होने के साथ-साथ सुरक्षित भी होने चाहिएं।

### योग दिवस समारोह की तैयारियों संपन्न

**तोशाम।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। एसडीएम डॉक्टर अशवीर अध्यक्षता करेंगे। जबकि कैरू खण्ड में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित होगी। नायब तहसीलदार संजय शर्मा की देखरेख में शुक्रवार को तोशाम में चौधरी बंसीलाल महिला महा विद्यालय में योग फाइनल रिहर्सल की। वहीं कैरू में योग फाइनल रिहर्सल की बीडीपीओ विनोद सांगवान निगरानी में आयोजित की गई। दोनों खंडों में सभी विभागों की भागीदारी और सहयोग से योगा कार्यक्रम की गतिविधियों का समुचित अभ्यास किया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा में सामूहिक योग व राजयोग का अभ्यास

# मन को सुख, शांति व आनंद से भरपूर कर तनाव मुक्त खुशहाल बनाता है राजयोग : बीके वसुधा

ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि राजयोग आत्मा और परमात्मा का मिलन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मन को सुख, शांति व आनंद से भरपूर कर तनाव मुक्त खुशहाल बनाता है राजयोग यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में सोनी धर्मशाला कलियाणा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर आयोजित सामूहिक योग व राजयोग का अभ्यास करवाते हुए झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा इस वर्ष का पृथ्वी व स्वास्थ्य के लिए योग रखा है वास्तव में राजयोग के द्वारा ही हम स्वयं और समाज व परिवार को दिव्य बनाने की संवेदना जागृत कर सकते हैं जिससे हमारी पृथ्वी को भी सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी धरती मां हरी भरी होगी। उन्होंने उपस्थितजनों को अधिक से अधिक पेड़ लगा उनका पालन पोषण करने के लिए कहा क्योंकि पेड़ पौधे हमारे स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालते हैं। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि राजयोग आत्मा और परमात्मा का मिलन है इससे हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है आनंद की अनुभूति होती है। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि राजयोग के अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन शैली व्यतीत कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि हम राजयोग को हम अपनी जीवनशैली में शामिल कर अपने जीवन को खुशहाल बनाना चाहिए और इसके लिए हर रोज कुछ पल खुद के लिए निकालने होंगे तभी हमारा ये भारत देश को स्वयं और समाज को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने से ही पुनः विश्व गुरु कहलायेगा।



भिवानी। योगाभ्यास करते बीके बहने व अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग आज

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर स्थानीय प्रेक्षा विहार में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने प्रेस को जारी सूचना में दी।जैन ने बताया कि 11वे योग दिवस के अवसर पर प्रेक्षा विहार में जीवन विज्ञान योग ध्यान ट्रस्ट, तेरापंथ सभा, महिला मंडल तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म एवं अणुव्रत समिति के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 6:30 बजे कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें विशेष प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा एवं ऑडियो के माध्यम से प्रेक्षा ध्यान का अभ्यास भी करवाया जाएगा। इस आयोजन में भारत विकास परिषद सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग भाग लेंगे।

### गांव झरवाई की सरपंच ने योग जागरूकता रैली निकाल कर दिया स्वास्थ्य का संदेश




**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव झरवाई में सरपंच कमला देवी के नेतृत्व में विशेष योग जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को योग के महत्व से अवगत करवाना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। रैली में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में योग और स्वास्थ्य से संबंधित स्लोगन वाले बैनर लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया। रैली के दौरान योग अपनाएं स्वस्थ जीवन पाएं, योग है जीवन का आधार, हर दिन योग, निरोगी जीवन जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर सरपंच कमला देवी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों की देन है और आज इसकी आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। योग ना केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मबल भी प्रदान करता है। हमारा प्रयास है कि हर ग्रामीण योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करे। कार्यक्रम के अंत में सरपंच ने सभी को योग के नियमित अभ्यास का संकल्प दिलवाया।



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल में सैंकड़ों लोगों ने लिया भाग

**चरखी दादरी।** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ मनाए जा रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल शुक्रवार को आयोजित की गई। जिला मुख्यालय पर नई अनाज मंडी परिसर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे, जबकि बाढ़ड़ा में आयोजित योग दिवस समारोह में विधायक उमेद पातुवास, झोझू में जिला परिषद के चेयरमैन मनदीप डालावास व बौंद में सीटीएम बतौर मुख्यातिथि योग प्रोटोकॉल में भागीदार बनेंगे। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय सहित अन्य खंड स्तर पर आयोजित योग कार्यक्रमों के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई हैं। आमजन की सक्रिय भागीदारी रहे इसके लिए प्रशासन की ओर से व्यापक प्रचार प्रसार अभियान भी चलाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कर सकें। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ ने बताया कि उपायुक्त के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा जनसाधारण को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 11वें योग दिवस पर योग जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया है।

### कोंट रोड दक्षिण काली मंदिर में योग कक्षा में साधकों ने किया योग



**भिवानी।** कोंट रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में प्रतिदिन प्रातः पांच बजे से योग कक्षा का नियमित आयोजन किया जा रहा है। यह कक्षा नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें स्थानीय योग साधक नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। शुक्रवार को योगी शिवम के निर्देशन में साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करवाया, जिससे प्रतिभागियों को शारीरिक व मानसिक लाभ मिला। इस अवसर पर मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने बताया कि नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा चल रही यह योग कक्षा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा दे रही है। कक्षा की गतिविधियों को वीडियो माध्यम से रिकॉर्ड किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि निरंतर योग करते रहने से अनेक प्रकार की बीमारियां समाप्त हो जाती हैं। योग हमारे जीवन में शक्ति, शांति और संतुलन लाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से हर व्यक्ति का मन शांत रहता है संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रयास का हिस्सा बनें और स्वस्थ समाज निर्माण में योगदान दें।

# योग से बीमारियों पर होता कंट्रोल

- विश्व योग दिवस पर बच्चे बने योगी, योग के प्रति बच्चों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकार व उपायुक्त महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हनुमान ढाणी स्कूल में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त रूप से किया।

राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि 21 जून को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और लाभों से अवगत करवाना है। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन में आवश्यक अंग बन चुका है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से हमें मजबूत करता है। अशोक भारद्वाज ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में योग ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जो तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य बीमारियों से निजात दिला सकता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे प्रतिदिन योग को अपने जीवन में शामिल करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।पांच दिवसीय योग अभ्यास शिविर के अंतर्गत आज विद्यालय के विद्यार्थियों ने विशेष योग सत्र में भाग लिया।




भिवानी। योगाभ्यास करती साधक। फोटो : हरिभूमि

### लाभों की जानकारी दी

इस अवसर पर मिनी योगाचार्य आरोही, परिधि, काव्या और पूर्व ने भी योग प्रदर्शन कर विभिन्न आसनों के लाभों के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों, अभिभावकों व बच्चों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया, जिससे विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना रहा। इस अवसर पर अभिभावक व शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

# 15 बच्चों को सम्मानित किया

- योग के प्रचार का सशक्त माध्यम बनते है योग साधक व प्रशिक्षकों का सम्मान : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिले में योग को जन-जन तक पहुंचाने और नियमित अभ्यास की प्रेरणा देने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में हनुमान जोहड़ी मंदिर में पिछले 18 माह से लगातार योग कक्षाएं लगाई जा रही है। 18 माह तक निरंतर चल रहे योग अभियान में भाग लेने वाले 15 बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्हें योगा ड्रेस भेंट कर प्रोत्साहित किया, ताकि वे आगे भी अपनी योग यात्रा को जारी रखें। इसके साथ ही छह योगाचार्यो को भी सम्मानित किया। महंत चरणदास महाराज ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्म-संयम और जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। यह तन, मन और आत्मा का अद्भुत संगम है, जिससे न सिर्फ बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण भी मिलता है। उन्होंने कहा कि योग साधकों व शिक्षकों के सम्मान में ऐसे आयोजन न केवल योग के प्रचार का एक माध्यम बनते है, बल्कि यह संदेश भी देते है कि नियमित अभ्यास से कोई भी आयु वर्ग स्वास्थ्य और आत्मशक्ति की दिशा में बड़ा कदम उठा सकता है।



भिवानी। बच्चों व योगाचार्यों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# आयुष्मान योजना का मिल रहा लाभ

- देश के हर गरीब और जरूरतमंद को बेहतर इलाज मुहैया करवाना प्रधानमंत्री मोदी का स्वप्न : मीना परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के शासनकाल की उपलब्धियों को प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत योजना के तहत शुक्रवार को भाजपा के केशव मंडल द्वारा स्थानीय कीर्ति नगर स्थित पं. नेकीराम शर्मा पार्क में एक विशेष पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया, जिससे उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य तौर पर कार्यक्रम की जिला सह संयोजक मीना परमार पहुंची तथा अध्यक्षता केशव मंडल अध्यक्ष नवीता तंवर ने की। शिविर के आयोजन में रिटायर बीडीपीओ राजकुमार, कपूर शर्मा एवं उनकी समर्पित टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना बुजुर्गों के लिए बहुत बड़ी राहत है। इससे इलाज के खर्च की चिंता अब काफी हद तक कम हो जाती है।




भिवानी। भाजपा की नीतियों का प्रचार व प्रसार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर:कौशिक

- प्रधानमंत्री मोदी ने अखंड भारत व राष्ट्र एकजुटता की भावना पर लिए ऐतिहासिक निर्णय : विरेंद्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प से सिद्धि अभियान के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने का काम किया है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय भाव व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत व राष्ट्र एकजुटता की भावना पर ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिसकी बदौलत आज देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना पर मजबूती से आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भी संकल्प पूरे करने के प्रयास किए जा रहे है। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक शुक्रवार को स्थानीय हनुमान गेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षो के शासनकाल के दौरान लागू की गई जनहित की योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी विशेष चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को दे रहे थे। कार्यक्रम की आयोजक पिंकी नागर रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोटी के नेतृत्व में 11 वर्षो के शासनकाल लागू की गई जनहित की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।




भिवानी। लोगों को संबोधित करते भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक।

### हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्षो के शासनकाल में प्रत्येक वर्ग को समान रूप से आगे बढ़ाने की योजनाएं क्रियान्वित की। जिसमें उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन और हर घर जल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इनका लाभ सीधे तौर पर देश के करोड़ों ग्रामीणों को मिला है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने तीन तलाक को खत्म करना, धारा 370 को हटाना, वक्फ संशोधन बिल जैसे ऐतिहासिक निर्णय लेने का काम किया है। प्रधानमंत्री द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए बहुत सी ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है।

# चुनाव से पहले वोट के लिए निकाली थी भर्तियां: मनदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



- बेरोजगार युवाओं के सपने हो गए चकनाचूर

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनदीप सुई ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 8653 पदों पर भर्तियां रद कर प्रदेश के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। इससे बेरोजगार युवाओं के सपने चकनाचूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार काम ही लोगों के साथ विश्वासघात करना रहा है, किसानों के साथ विश्वासघात का खेल जारी है तो युवाओं के भविष्य से भी विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय वोट लेने के लिए पदों को विज्ञापित किया और जब काम निकल गया तो 8653 पदों पर भर्तियां रद कर सरकार ने बेरोजगारों के सपनों को तोड़ कर रख दिया है। मनदीप ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वह युवाओं की आकांक्षाओं, मेहनत और भविष्य को लेकर कतई गंभीर नहीं है। चुनाव से ठीक पहले युवाओं को लुभाने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 8653 पदों की भर्ती की घोषणा की गई। इनमें पुलिस, आईआरबी, स्टेनो, टाइपिस्ट जैसे अहम पद शामिल थे, जिसके लिए लाखों बेरोजगार युवाओं ने कठिन परिश्रम से तैयारी की थी, लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा सरकार ने इन सभी भर्तियों के विज्ञापन वापस लेने की अनुमति देकर युवाओं के भविष्य पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि एक तो प्रदेश सरकार युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के रोजगार देने का झूठा दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ जान बूझकर भर्तियों को रद्द किया जा रहा है।

## शहीदों की जीवनगाथा से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा के लिए तत्पर रहें युवा: विधायक

# कारगिल शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

- युवाओं में देशभक्ति की अलख जगाते है शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम : महंत चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने के उद्देश्य से शहीद सेवा दल फाउंडेशन के तत्वावधान में निकाली गई रेजांगला पराक्रम यात्रा भिवानी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया।

मन्नत अस्पताल के निदेशक डॉ. सुखविंद्र दुहन, पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार व समाजसेवी रमेश सैनी ने बताया कि भारत-चीन युद्ध के ऐतिहासिक रेजांगला युद्ध में भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाए अद्वितीय शौर्य और बलिदान की स्मृति में ये यात्रा निकाली जा रही है।



भिवानी। कारगिल शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते विधायक विधायक सर्राफ व महंत चरणदास महाराज। फोटो : हरिभूमि

### युवा शहीदों की जीवनगाथा से प्रेरणा लें

उन्होंने बताया कि यात्रा में कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में यात्रा गांव बड़सी के शहीद सहीराम तथा प्रहलादगढ़ के रघुनाथ के परिजनों को सम्मानित करने पहुंची। इसके उपरांत इस यात्रा को बालयोगी महंत चरणदास महाराज एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने दादरी के लिए रवाना किया। वहीं भिवानी में यात्रा के ठहरने व भोजन का प्रबंध स्थानीय नई अनाजमंडी के सामने किया। यात्रा को रवाना करते हुए विधायक घनश्यामदास सर्राफ व महंत चरणदास ने कहा कि रेजांगला पराक्रम यात्रा ना केवल शहीदों की वीरता को नमन करने का अवसर है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की अलख जगाने का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान में इस प्रकार की यात्राएं का उद्देश्य भारत के उन वीर सपूतों को जनमानस की स्मृतियों में जीवित रखनी है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे शहीदों की जीवनगाथा से प्रेरणा लें और राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को मिलेगा पांच लाख तक ऋणः डीसी

**चरखी दादरी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की गई है। जिसके तहत बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋण दिया जाता है। डीसी मुनीश शर्मा ने बताया कि योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर तीन वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम से दी जाएगी।

### दक्ष प्रजापति की जयंती पर रक्तदान शिविर दो को

**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा श्रीदक्ष प्रजापति महाराज की जयंती पर चौ. बंसीलाल सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन दो जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। सुरेश सैनी ने बताया कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य को जनकल्याण से जोड़ते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आमजन, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें।

### संत निरंकारी मिशन का योग दिवस कार्यक्रम आज

**भिवानी।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार 21 जून 2025 को सन्त निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग दिवस का आयोजन योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इंजार्च बलदेव राज नागपाल जी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हांसी गेट स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में मिशन द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर कार्यक्रम होगा।

### मूलभूत सुविधाएं देने में भाजपा सरकार विफल

**भिवानी।** कांग्रेस नेता देवराज महता ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसे आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया देने में विफल बताया है। बिजली कटौती, पानी की अनियमित सप्लाई और सीवरेज जैसी बुनियादी समस्याओं से जनता त्रस्त है, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। गर्मी में भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को न तो पर्याप्त बिजली मिल रही है और ना ही पीने के लिए स्वच्छ जल। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकताओं में जनता की बुनियादी जरूरतें नहीं हैं।

### हजरस ने डीईओ दहिया का किया स्वागत

**भिवानी।** एससी राजकीय अध्यापक संघ ने जिला प्रधान संत कुमार के नेतृत्व में हिसार से स्थानांतरित होकर भिवानी में कार्यग्रहण करने पर जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रधान संत कुमार व जिला सचिव प्राचार्य सुनील कुमार चोपड़ा ने बताया कि मैडम निर्मल दहिया खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी कैरू, खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी व जिला परियोजना संयोजक भिवानी के पद पर जिले में अधिकारी के रूप में कार्यरत चुकी हैं।


गांव खरककलां में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का किया अभिनंदन

# ग्रामीणों ने उठाया 22 गांवों के पानी का मुद्दा, मंत्री ने दिया समाधान का वचन

- पीके स्टार ग्रुप ने मंत्री को सिक्कों से भी तोला।
- ग्रामीणों ने मंत्री के सामने रखी गांवों की अन्य मांगें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 सालों के कामों का गुणगान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूत बनाने के लिए वक्फ़ बोर्ड कानून बनाकर, तीन तलाक खत्म कर ऑपरेशन सिंदूर जैसे कड़े फ़ैसले लिए। श्रुति ने कहा कि देश हित में ऐसे बड़े कदम मज़बूत व दमदार नेता ही ले सकता है। केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी जिला के गांव खरककलां में पीके स्टार द्वारा अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी को पीके स्टार ग्रुप की तरफ से सिक्कों से भी तोला गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्रुति चौधरी को सर्वप्रथम पगड़ी पहनाकर व माला के साथ स्वागत किया गया। अभिनंदन समारोह में मंच संचालन सुनील शास्त्री ने किया। वहीं बड़ी माला के साथ स्वागत करने वालो में राजकुमार शर्मा सरपंच, नीटू सरपंच, रमाकांत शर्मा ठेकेदार, सोनू शर्मा सरपंच कलिंगा, रमेश सरपंच, रामचंद्र सरपंच खरक खुर्द, प्रदीप सरपंच, रणधीर उर्फ धीरा सरपंच, वेदपाल प्रधान 84 खाप, जयवीर सरपंच, सतीश सरपंच, शिवकुमार सरपंच, सरपंच फूलकुमार, सरपंच ईश्वर, सरपंच सतीश, सरपंच जयवीर, ऋषिपाल, राजवीर सिंह उपप्रधान, राजेंद्र शर्मा, लक्ष्मण सिंह, मनीष शर्मा आदि शामिल थे।



**भिवानी।** गांव खरक में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन मंत्री श्रुति चौधी। फोटो : हरिभूमि

### दादाजी और पिताजी का था विशेष लगाव

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. बंसीलाल व पूर्व मंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह का इस क्षेत्र से अटूट लगाव था, इस भूमि पर पहुंचने पर वे नमन करती है तथा यह उनकी जिम्मेवारी है कि अपने दादा व पिता की तरह ही इस क्षेत्र के लोगों की सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दे, जिसके लिए वे हर संभव प्रयास भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर इतिहास रचा। जिसके बाद लिंगानुपात सुधरा और मोदी ने जताया कि आने वाला समय माताओं व बहनों का है।

### विधायक कपूर वाल्मीकि ने रखा मांगपत्र

अभिनंदन समारोह में खरक कलां के सरपंच राजकुमार शर्मा ने 22 गांवों का नहरी पानी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया तथा गांव से जुड़ी अनेकों मांगो को कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के समक्ष रखा। मंत्री ने कहा कि स्थानीय विधायक कपूर वाल्मीकि को भी यह मांग पत्र प्रेषित करें तथा कहा कि ग्रामीणों की मांगों को पूरा करवाने में विधायक कपूर को वे व्यक्तिगत भी कहेंगी और खुद भी अन्य विभागों में बोलेंगी। साथ ही मंत्री श्रुति चौधरी ने करीब 22 गांवों के सरपंच व प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वचन दिया कि हर हाल में बहुत जल्द लोगों को उनका पानी का हक दिलवाएंगी। समारोह में गर्मी के बावजूद भारी भीड़ देखकर केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी गदगद दिखाई दी।

तेज हो रही विवि में विलय न करने की मांग

# छात्र नेताओं ने डीसी को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को सीबीएलयू में मर्ज ना किए जाने की मांग को लेकर सौंपा मांगपत्र
- राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का मर्ज होने से बच्चों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ : मोहित आसलवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी के राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय में विलय ना किए जाने की मांग को लेकर छात्र नेता मोहित आसलवास, सचिन जताई और सचिन बजीना ने शुक्रवार को भिवानी के उपायुक्त महाबीर कौशिक के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम मांगपत्र सौंपा।

इस मौके पर छात्र नेता मोहित आसलवास, सचिन जताई और सचिन बजीना ने कहा कि भिवानी में राजकीय शिक्षण महाविद्यालय को सीबीएलयू में मर्ज करने की बजाए उसका स्वतंत्र अस्तित्व कायम रखा जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीएड के मात्र दो महाविद्यालय है, जिनमें एक भिवानी में है, जिसे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. बंसीलाल ने 1973 में बनवाया था तथा दूसरा नारनौल में स्थित है। बाकी बीएड के महाविद्यालय प्रदेश भर में या तो प्राईवेट हैं या राज्य सरकार द्वारा एडिड हैं।

उन्होंने कहा कि भिवानी स्थित बीएड महाविद्यालय में 200 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे है, जिनमें करीबन 180 लड़कियां है। लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में इस महाविद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि प्राईवेट महाविद्यालयों में जहां एक वर्ष में लाख रुपये से ज्यादा फीस विद्यार्थियों से वसूली जाती है तो वही इस महाविद्यालय में मात्र 34 हजार 500 रुपये फीस लगती है। इसलिए आर्थिक तौर पर कमजोर परिवार के छात्र-छात्राएं इस महाविद्यालय से प्रशिक्षण लेकर नौकरी में आ जाते है।

### बढ़ेगा आर्थिक भार

छात्र नेता मोहित आसलवास, सचिन और सचिन बजीना ने कहा कि वर्ष 2014 में सीबीएलयू की स्थापना होने के उपरांत इस महाविद्यालय को उक्त विश्वविद्यालय में विलय कर दिया गया था, परन्तु तत्काल मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा उपरोक्त बिंदुओं को मध्यनजर रखते हुए वर्ष 2015 में उक्त शैक्षणिक महाविद्यालय को चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से निकालकर वापिस राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का दर्जा दे दिया गया था। उन्होंने कहा कि यदि राजकीय शिक्षण महाविद्यालय का चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय में विलय होता है तो आर्थिक तौर पर कमजोर परिवारों अधिक आर्थिक दबाव पड़ेगा, जिससे उन परिवारों के बच्चें शिक्षा के अधिकार से वंचित होंगे। ऐसे में इस महाविद्यालय को सीबीएलयू में मर्ज करने की प्रक्रिया को तुंरत प्रभाव से रोका जाना सही है।

# रोहताश बने लोहारू के हलका प्रधान

- पूर्व डीएम गोस्वामी की अगुवाई में हलके में मजबूत होगी इनेलो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जाट धर्मशला में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के ओबीसी मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संगठन को मजबूत करने, ओबीसी समाज को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति तैयार की गई। इनेलो संगठन को और अधिक मजबूत बनाने व इनेलो की नीतियों को तेजी से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस दौरान ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील स्वामी ने की तथा मुख्य वक्ता के तौर पर इनेलो ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयकुमार पंवार पहुंचे।

जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने बताया कि बैठक में ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें सतेंद्र गांधी व वेद यादव प्रहलादगढ़ को भिवानी हल्का प्रधान, रोहताश गोस्वामी सिवानी को लोहारू हल्का प्रधान, राजपाल सैन भेरा को तोशाम हल्का प्रधान व बिजेंद्र यादव मिलकपुर को बवानीखेड़ा हल्का प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस दौरान अशोक मैनेजर तिगड़ाना जरनल बॉडी का जिला प्रधान महासचिव घोषित किया। उन्होंने बताया कि बैठक का विशेष आकर्षण तब बना, जब भारतीय जनता पार्टी से 29 वर्षों तक जुड़े रहे सुभाष वर्मा ढ़ाणीमाहु ने इनेलो ज्वाईन किया तथा उन्हे ओबीसी मोर्चा के जिला महासचिव के पद की जिम्मेवारी सौंपी।



**भिवानी।** इनेलो ओबीसी मोर्चा की बैठक में लोगों का अभिवादन करते पदाधिकारी।

### अब 15 दिन में मिलेगा फोटोयुक्त पहचान पत्र

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मुनीश शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से अब मतदाताओं को मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र की तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित करने को आयोग ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है, जो मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों में मतदाता पहचान पत्र की डिलीवरी को सक्षम बनाती है, जिसमें मतदाता का नया नामांकन या किसी मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है। आयोग की यह पहल आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है।

# कैरू खंड में खर्च होंगे 2.47 करोड़

- समान जल बटवारा के लिए रथ पर घूमने वाले नेता भी नहीं उठा रहे जिले के हिस्से की मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

जिप चेयरपर्सन अनिता मलिक ने जुई बीचली में एक पानी का टैंकर व कैरू ब्लॉक के विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि जारी करते हुए कहा की भिवानी को उसके हिस्से का पानी यहाँ के कमजोर नेतृत्व के कारण नहीं मिल रहा। मलिक ने कहा की यहां के विधायक, मंत्री व सांसदों ने हिस्से के पानी की माँग न तो विधानसभा में उठाई है और न ही दोनों सांसदों ने लोकसभा व राज्यसभा में भिवानी के पानी की माँग उठाई। ये भिवानी का दुर्भाग्य है कि ये जल मंत्री होते हुए भी हमें हिस्से का पानी नहीं दिला सकी। जब खुद न पता तो पूर्व मंत्री से पूछ लेना चाहिए की लोहारू में किस प्रकार हिस्से का पानी मिलता था जो की सुरेंद्र सिंह के भी अच्छे मित्र रहें हैं अच्छे कार्यों को करने में शर्म नहीं करनी चाहिए। मैं भी ज़िला परिषद में भिवानी व हिसार के पूर्व चेयरमैनों से विकास के बारे में पूछ लेती हूँ। उन्होंने किरण चौधरी पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस व चौ. भूपेन्द्र व दीपेन्द्र हुड्डा पर बोलने की बजाय अपनी पार्टी व विकास पर ध्यान दे। यदि कांग्रेस में रहते हुए भूपेंद्र हुड्डा से मिलकर काम करती तो आज भिवानी विकास में इतना पिछड़ा हुआ न रहता।



**तोशाम।** पानी का टैंकर भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राज मिस्त्री के बेटे का अपहरण पुलिस ने हिसार से छुड़ाया

- मां के साथ घर से प्लाट जाते समय वारदात को दिया अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

कस्बे के एक राजमिस्त्री के बेटे का अज्ञात लोगों ने दिनदहाड़े अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब वह अपनी मां के साथ घर से अपने प्लाट को जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्पर कार्रवाई करते हुए अपहृत लडक़े को महज दो घंटे में सकुशल हिसार से बरामद कर लिया।

राजमिस्त्री विनोद ने बताया कि वह बहल में हनुमान मंदिर के पास वार्ड नं. 19 में रहता है। शुक्रवार दोपहर 11.52 बजे पर उसकी पत्नी सुमन व बेटा बंटी घर से चलकर मेरे पास प्लाट में आ रहे थे। वे घर से निकले तो एक अर्टिका गाड़ी आकर उनके पास रूकी और उसमें से कुछ युवक उतरे। युवकों ने बिना कहे बेटे बंटी को जबरन गाड़ी में डाल लिया। उसकी पत्नी ने उनका विरोध किया तो गाड़ी लेकर फरार हो गए। बाद में उनको पता चला कि बेटे का अपहरण हिसार के युवकों ने किया है। मेरी पत्नी के अलावा मेरे चाचा के लडके अनिल ने भी अपहर्ताओं को जाते हुए देखा है। सूचना मिलने पर बहल पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए नाकेबंदी करते हुए पुलिस टीमें दौड़ी दी। पुलिस अपहर्ताओं की लोकेशन के आधार पर उनके पीछे लगी रही और उनको हिसार में जा दबोचा।

# हेमसा ने डायरेक्टर के नाम भेजा राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस

- शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी मांगों को लेकर हड़ताल में लेंगे भाग : लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी अपनी मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन, अफसरशाही के साथ वार्ता मीटिंग काफी बार कर चुके है, लेकिन ढ़ाक के तीन पात। नहीं हो रही सुनवाई। आंदोलन ही एकमात्र रास्ता। शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों ने 15 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करवाने के लिए डायरेक्टर के नाम नोटिस भेजते हुए कहा कि वे 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे।

### कर्मियों की मांग अनुसनी कर रही सरकार

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश लांबा, सचिव सुमन रानी, प्रधान सुकेश कुमार, सचिव कृष्ण रूपाणा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी परिसंघों व महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर होने वाली इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारी भी व्यापक तैयारियों के साथ शामिल होगा। इसके लिए राज्य भर में ब्लॉक व जिला स्तर पर बैठकें कर जनसंपर्क अभियान किया जा रहा है। केंद्र व राज्य सरकार कर्मचारियों की मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। जिससे कर्मियों में सरकार के खिलाफ गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र व 25 अगस्त 2014 के मंत्रीमंडल के फैसले अनुसार 7वें वेतन आयोग में लिपिक स्टैनो टाईपिस्ट 35400, सहायक, आंकड़ा सहायक, स्टैनोग्राफर 44900, उपाधीक्षक 47600, अधीक्षक 56100, पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा वेतन आयोग का गठन, एसीपी 5-10-15, प्रमोशनल पदानुसार, ग्रुप डी पदोन्नति कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत, योग्यता अनुरूप उच्च पदों पर समायोजन, ऑनलाईन ट्रांसफर पॉलिसी की समीक्षा, तत्काल स्थानांतरण, सभी खाली पदों पर पदोन्नतियां, वर्कलोड अनुसार नए पदों स्वीकृत करने, स्कूल मर्जर व पोस्ट कैप्ट पर रोक, पेपरलैस, स्टॉफिंग पॉलिसी, निजीकरण की नीतियों पर रोक लगाने की मांगे उठाई।

### सामुदायिक केंद्र पर लगे एसी को चुरा ले गए चोर

**बहल।** बड़दू मुगल गांव में चोरों ने गांव के सामुदायिक केन्द्र में लगे एसी को चुरा लिया। वहीं, गांव की सार्वजनिक चौपाल को निशाना बनाते हुए ताला तोडक़र वहां रखे पंचायत के बर्तन चुरा लिए। पुलिस ने गांव के सरपंच की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

चैहड़ कलां पुलिस चौकी में दी शिकायत में सरपंच रोहताश कुमार ने बताया कि बुधवार रात को चोरों ने गांव के सामुदायिक केन्द्र का ताला तोड़ लिया। चोरों ने सामुदायिक केन्द्र में लगा एसी चुरा लिया। घटना का पता वीरवार को सुबह करीब दस बजे उस समय चला जब पंचायत के सदस्य हरीश कुमार ने सामुदायिक भवन में गए। उनको भवन का ताला टूटा हुआ मिला व एसी गायब मिला। इसके बाद जब सार्वजनिक चौपाल की जांच की गई तो वहां भी चौपाल के कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। कमरे में रखे पंचायत के तीन टॉप व दो ढक्कन गायब मिले। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 23 जून की पंचायत को लेकर किसान नेताओं की बैठक

- कहा : महापंचायत में किसान लेंगे अहम फैसला

**लोहारू।** अखिल भारतीय किसान सभा व संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर किसानों के मुख्य मुद्दों को लेकर 23 जून को लोहारू अनाज मण्डी में प्रातः 10 बजे होने वाली किसान महापंचायत को लेकर शुक्रवार को स्थानीय शहीद महावीर किसान भवन में किसान नेताओं की बैठक एवं प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें किसान नेताओं ने महापंचायत की रूपरेखा तय की और कहा कि महापंचायत में किसान कोई ठोस निर्णय लेंगे और आर पार की लड़ाई के लिए निर्णय लेंगे। शहीद महावीर भवन में किसान सभा द्वारा आयोजित प्रैस सम्मेलन में किसान सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल , भिवानी जिला प्रधान रामफल देशवाल , उपप्रधान कामरेड ओम प्रकाश , जिला सचिव मास्टर जगरोशन व जिला सहसचिव कविता आर्य ने कहा कि खरीफ फसल 2023 में तत्कालीन क्षेमा बीमा कम्पनी ने कृषि कल्याण विभाग के आला अफसरों से मिलकर सैटेलाईट टेक्नोलोजी के नाम पर 350 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम का फ्राड किया है। जिसमें 200 करोड़ भिवानी व 150 करोड़ रुपये दादरी जिले के हैं। भिवानी जिले के 200 करोड़ के फ्राड में 190 करोड़ रुपये लोहारू ब्लाक के हैं । दूसरा मुद्दा मुआवजे का है ।

डिमांड — चारों लेबर कोड के विरोध में प्रदर्शन, रद करने की उठाई मांग

मनरेगा मजदूरों की न्यूनतम दिहाड़ी कम से कम 800 रुपये करने की मांग

# चौकीदारों ने रखी न्यूनतम वेतन 11257 से बढ़ाकर 26000 रुपये करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस हरियाणा के आह्वान पर न्यूनतम वेतन रिवाइज करके 26000 रुपये लागू करने की मांग को लेकर सीटू के कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय भिवानी पर रोष प्रदर्शन किया और उपायुक्त के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत अधिकारी राजकुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसकी अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान राममेहर सिंह, जिला प्रधान संजीत नंदगांव ने की व मंच संचालन सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने किया।




**भिवानी।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सीटू के सदस्य व ग्रामीण चौकीदार।

### नौ को हड़ताल में होंगे शामिल

चौकीदार सभा नेताओं ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पिछले दस साल से न्यूनतम वेतन को पुनर्निर्धारित नहीं किया है जबकि नियम के हिसाब से हर पांच साल में न्यूनतम वेतन को पुनर्निर्धारित किया जाना चाहिए। देश व प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते महंगाई व बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ गई है। दिल्ली सरकार पिछले पांच साल पहले 18066 न्यूनतम लागू किया था जबकि उन्हें अब भी 11257 रुपये ही मिलते हैं। महंगाई को देखते हुए यह कम से कम 28 से 30 हजार के बीच बनता है। न्यूनतम वेतन तत्काल 26000 रुपये किया जाए। ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मियों, स्कीम कर्मियों का न्यूनतम 26000 रुपये वेतन लागू किया जाए। मनरेगा मजदूरों की न्यूनतम दिहाड़ी 800 रुपये लागू की जाए व चारों लेबर कोड रद्द हो। 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मी, भवन निर्माण मजदूर, मनरेगा मजदूर, वन मजदूर, स्कीम वर्कर्स, प्रदेश के कच्चे व पक्के कर्मचारी शामिल होंगे इस मौके पर सीटू नेता राममेहर सिंह, अनिल कुमार, भीम सिंह, उपासना, महावीर सिंह, रतन जिंदल, चौकीदार नेता संजीत नंदगांव, मान सिंह लोहारू उपस्थित रहे।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612